रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1206] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 28, 2017/वैशाख 8, 1939
No. 1206] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 28, 2017/VAISAKHA 8, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 2017

का.आ.1366(अ).—भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 62(अ), तारीख 7 जनवरी, 2016, प्रारुप अधिसूचना, भारत के राजपत्र, असाधारण, में प्रकाशित की गई थी, जिसमें उन सभी व्यक्तियों से जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस जिसमें अधिसूचना अन्तर्विष्ट है राजपत्र की प्रतियां, जनता को उपलब्ध कराई गई थीं, साठ दिन की समाप्ति के पूर्व आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप और सुझाव प्राप्त नही हुए हैं;

और कांबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य, आंध्र प्रदेश राज्य के विशाखापटनम मेगा शहर के केन्द्र में अवस्थित है और 83.04′ से 83.20′ देशांतर और 17.34′ से 17.47′ अक्षांश के बीच 71.39 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है;

और, कांबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य की जैव-विविधता समृद्ध हैं जिसमें 73 वृक्ष प्रजातियां, जड़ी-बूटियों तथा झाडियों की 39 प्रजातियों और लताओं की 18 प्रजातियों तथा बांस की 2 प्रजातियां और घासों की 7 प्रजातियों, 23 स्तनपायी प्रजातियों, सरीसृपों की 7 प्रजातियों सहित पक्षियों की 90 से अधिक प्रजातियां समाविष्ट की गई हैं ;

और, कांबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य में अनेक किस्मों की वनस्पतिजात है और झाड़ी वाले जंगल, *फाइकस बेंघालेन्सिस* (बनयान)(मार्री), *अकेशिया ल्यूकोफोलिया* (वाइट ब्रेक अकेशिया)(तेल्ला तुम्मा), *अकेशिया सुन्द्रा* (कुच्छ ट्री)(सुन्द्रा), *सैपिन्डस इमर्जिनेटस* (सोअफुट वृक्ष)(कुनकुदु), *और राइटिया टिंक्टोरिया* (पाला इनदीगो)(रेप्पआला), आदि इस क्षेत्र की प्रमुख वृक्ष प्रजातियां हैं ;

और, क्षेत्र प्राणी-जात विविधता से समृद्ध है जिसमें तेंदुआ (*पेंथेरा पार्डस*) (चिरुता पुली), रीछ (*मेलयूरूस अरसिनस*), बनैला सूअर (*सूस स्क्रोफा*)(इलुगु), सांभर(*रुसा यूनिकोलर*) (कानिथी), काकड़ हिरण (*मुनतअकस मुनतंजक*)(मोरिग डूप्पि), पिसूरी (*तरागुसलुस मेमिन्ना*)(कुमिदी डुप्पि), चित्तीदार हिरण (*ऐक्सिस ऐक्सिस*)(डूप्पि), सियार(*कनिस अयरेस*)(नक्का) और जंगली कुत्ता (*कुओन अलपिनेस*)(रेछू रूक्का), आदि सम्मिलित हैं ;

और, कांबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य, विशाखापटनम के सुरक्षित क्षेत्र के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों को तथा उनके प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ प**ठित** पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) के साथ पठित और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आंध्र प्रदेश राज्य में कम्बलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 4.33 किलोमीटर की दूरी तक उत्तरी दिशा पर उत्तरी सीमा से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की वजह से) शून्य से गुजरने वाले क्षेत्र को कंबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**.— (1) आन्ध्र प्रदेश राज्य के विशाखापटनम जिला में पारिस्थितिक संवेदी जोन 30.51 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक फैला हुआ है और इसमें में 2 मंडलो अर्थात् आनन्दापुरम और छिनांगधिली जिला विशाखापटनम में 14 ग्राम सम्मिलित हैं ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा शून्य से उत्तरी दिशा पर (उत्तरी दिशा पर राष्ट्रीय राजमार्ग के गुजरने के कारण) 4.33 किलोमीटर की दूरी पर कम्बलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से भिन्न हो रही है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का वर्णन **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है और ग्रामों की सूची **उपाबंध II** में दी गई है ।

(4) अक्षांश-देशांतर के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र **उपाबंध III** के रूप में उपाबद्ध है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.— (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी अनुमोदन के लिए दिए गए अनुबंधों के अनुसरण में आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति में जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, अनुरूप भी तैयार की जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार की जाएगी,:--

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि ;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना में तब तक अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन तब तक अधिरोपित नहीं किया जाएगा जब तक कि इस अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों को सुधारने और अधिक दक्ष और पारिस्थितिक बनाने के लिए एक कारक होगा ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध किया जाएगा ।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों को समर्थकारी मानचित्रों के साथ अभ्यांकित किया जाएगा योजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग का विवरण देते हुए मानचित्रो द्वारा समर्थित होगी ।

(7) आंचलिक महायोजना में, पारिस्थितिक संवेदी जोन के विकास किया जाएगा और सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा और स्थानीय समुदायों के सुरक्षित जीव को प्रार्जन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल विकास को भी सुनिश्चित और सुरक्षित किया जाएगा ।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना के साथ सह-विस्तार होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना मानीटरी समित के लिए इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के अनुसार मानीटरी करने उसके कार्यों के कार्यान्वयन के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय**.— राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग.-** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्नाकित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का मुख्य वाणिज्यक या मुख्य आवासिक काम्पेल्कस या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, इसमें विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए मानीटरी समिति की सिफारिश पर और सुसंगत राज्य विधियों और केंद्रीय सरकार / राज्य सरकारो के ऐसी अन्य नियमों और विनियमों के अधीन जो लागू हो, सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधो द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा है, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुख सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और पैरा 4 में दिए गए स्थानीय क्रियाकलाप भी है:

परंतु यह और कि सुंसगत राज्य विधियों और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपदर्शित, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

(ख) वनीकरण और प्राकृतिक वास सम्बधी क्रियाकलापों को पुन:स्थापित करन के लिए और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों नदियों और जलांतरालो की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी ।

(3) **पारिस्थितिक पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन सम्बधी क्रियाकलापो का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे ।

(ख) पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार की जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगा ।

(घ) पारिस्थितिक पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें जो भी निकट है, किसी नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट, का संन्निमार्ण अनुज्ञात नहीं होगा। और वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए होटलो और रिसोर्ट की स्थापना पर्यटन महा योजना के अनुसार केवल पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व परिभाषित और अभिचिन्नित क्षेत्रो में ही अनुज्ञात होगी;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रिय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा पारिस्थितिक पर्यटन पर बल देते हुए जारी पारिस्थितिक पर्यटन मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किसी नए होटल या रिसोर्ट या वाणिज्यिक स्थापना का सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए योजना आंचलिक महायोजना के भाग रूप विरासत संरक्षण योजना बनाई जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों और की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण की विरासत संरक्षण योजना तैयार की जाएगी आंचलिक महायोजना का भाग रूप होगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियम और नियंत्रण) नियम, 2000 का पालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों सामान्य मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानको के अंतर्गत आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषको के निस्सारण से सम्बधित उपबंधो के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ; और

अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में किया जा सकेगा;

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण और भूमि भराव के स्थापनों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि. 343(अ), तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन में कोई सामान्य उपचार सुविधा या जलाया जाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुंसगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा जैसे सीएनजी, एलपीजी, आदि स्वच्छक ईंधन के उपयोग प्रयास किया जाएगा ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में केवल उद्योगो के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति दी जाएगी इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषित कुटीर उद्योगों का संवर्धन किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों के संरक्षण के अंतर्गत:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों उपदर्शित किया जाएगा जहां संनिर्माण की अनुमति नहीं होगी ।

(ख)कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं होगी ।

(18) यदि यह आवश्यक समझा जाता है,तो इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अन्य अतिरिक्त उपायों विनिर्दिष्ट होगी।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अंतर्गत तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), अधिसूचना 2011 भी है और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) के उपबंधो और उसके किए गए संशोधनों सहित द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात् :--

IndiaCode

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संन्निर्माण या मरम्मत के लिए भूमि को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइलों का निर्माण भी सम्मिलित है; (ख) खनन संक्रियाए माननीय उच्चतम न्यायालय के रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गोदावर्ममन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 4 अगस्त, 2006 के आदेशो के अनुसार और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसार होगी ।
2.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि आदि प्रदूषण कारित करने वाले नए उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी । केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वर्गीकरण में हरित या श्वेत कृषि रूप में वर्गीकृत उद्योगों को जिसके अन्तर्गत कृषि आधारित उद्योग भी है विनियमों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
3.	प्रमुख पनबिजली परियोजना की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	फर्मों, कॉर्पोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
8.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यक स्थापना ।	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित लघु को अस्थायी संरचना के सिवाय संरक्षित क्षेत्र सीमा के एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा तक जो भी निकटतम हो कोई नया वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे । परन्तु संरक्षित क्षेत्र सीमा से एक किलोमीटर के पश्चात और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकटतम हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और ऐसे मार्गदर्शक सिद्धांत जो लागू हो, के अनुरूप होगा ।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो किसी भी प्रकार का काई नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय व्यक्तियों को उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण जिसके अंतर्गत भवन उपविधयों के पैरा 3 के उपपैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा । परन्तु यह और कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और

		विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे। (ख) एक किलोमीटर के पश्चात आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे।
10.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में देशीय माल से उत्पादों का उत्पादन करने वाले गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे।
11.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
12.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी।
13.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
14.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल को बढ़ावा दिया जाएगा।
15.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमिंत होंगे और भूमिगत केबल बिछाने को बढावा दिया जाएगा।
17.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
18.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
19.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
20.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, दुग्ध उद्योग कृषि और मछली पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होगा।
21.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को लागू विधियों के अधीन विनियमित किया जाएगा।
22.	सतह और भूजल के वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	खुले कुआ, बोर जल, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग।	विनियमित और उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से मानीटरी की जाएगी।
24.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	पारिस्थितिक-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
27.	पोलिथीन बैगों का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
28.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
ग. संवर्धित क्रियाकलाप		
29.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
30.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
31.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

32.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग।	सक्रिय रुप से बायो गैस, सौर प्रकाश आदि को बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36	निम्नीकृत भूमि या वन या आवास की बहाली।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति.— केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदन्त शक्तियों को उपयोग करते हुए पारिस्थितक संवेदी जोन की प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:--

(i) जिला कलक्टर, विशाखापटनम - अध्यक्ष;

(ii) गैर सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि जो पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है जिसे आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नाम निर्दिष्ट किया जाएगा – सदस्य ;

(iii) पारिस्थितिक और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ जिसे आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए नाम निर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य ;

(iv) सदस्य-सचिव / राज्य जैव विविधता बोर्ड का सदस्य - सदस्य ;

(v) क्षेत्रीय अधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मेडक – सदस्य ;

(vi) क्षेत्र का ज्येष्ठ नगर योजनाकार/मुख्य शहरी योजनाकार/नगरी योजनाकार - सदस्य;

(vii)उप-वन संरक्षक (अभयारण्य का भारसाधक), विशाखापटनम – सदस्य सचिव।

(2) निर्देश - निबंधन

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्याक का.आ 1533 (अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में आते है और जो पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आते है इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित यथाविनिर्दिष्ट मानीटरी सिमित द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधो के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(ग) ऐसे क्रियाकलाप, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूची में नहीं आते है, किंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आते है, इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय सभी क्रियाकलापो की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित यथाविनिर्दिष्ट मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और संबधित विनियामक प्राधिकारियों को निर्दिष्ट किए जाएंगे।

(घ) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या सम्बधित पार्क का वनपालक, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होंगे।

(ड.) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

IndiaCode

(च) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य जीव वार्डन **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(छ) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेगी ।

7. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित किए जाने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अध्यधीन, होंगे ।

[फा.सं. 25/53/2014-ईएसजेड-आरई]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I

<u>पारिस्थितिक-संवेदी जोन का सीमा विवरण:</u>

क से ख: यह मिंडीवानीपलेम ग्राम के उत्तर-पूर्व में 17.879530⁰ उत्तरी ओर 83.31665⁰ पूर्वी निर्देशांकों से लगे स्थल से शुरु होता है। यह सीमा रेखा एनएच-38 के किनारे से जाती है और गंभीरम रिजर्वायर के समीप दिलोक्स के पीछे से गुजरकर 17.87368 उत्तरी और 83.36599 पूर्वी निर्देशांक से लगे स्टेशन 'ख' को छूती है। क से ख स्टेशन की कुल दूरी 6.985 कि.मी. है। इस पारिस्थितिक-संवेदी जोन की परिधि 200-780 मीटर लंबी है। वर्तमान में राज्य राजमार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग सड़कों को छोड़कर संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर प्रस्तावित पारिस्थितिक-संवेदी जोन की दूरी 200 मीटर है।

ख से ग: यह रेखा पारादेसीपलेम ग्राम से होकर एनएच-5 और उत्तर 17.85700⁰ पूर्वी 83.36642⁰ के निर्देशांकों से स्टेशन सं. ग तक अभयारण्य सीमा के साथ साथ गुजरती है। स्टेशन ख से ग की दूरी कि.मी 1.854 है इस पारिस्थितिक संवेदी जोन की परधि की लम्बाई 140-308 मीटर है। प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर की सीमा 100 मीटर है।

ग से घ: यह सीमा रेखा बोरा वनीयापलेम गांव के पीछे से होकर दक्षिण पश्चिम दिंशा की ओर जाती है और देवीमेट्टा के चारो तरफ होकर उत्तर 17.83320⁰ पूर्व 83.32771⁰ निर्देशांको के साथ स्टेशन घ पर पहुंचती है जो कोमाडी गांव के पीछे स्थित चैतन्य इंजीनियरिंग कॉलेज के पास स्थित है ग से घ स्टेशन की कुल दूरी 5.469 किलोमीटर है पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र की वित लम्बाई 100-690 मीटर है प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के संरक्षित के चारों ओर की सीमा 100 मीटर है।

घ से ङ: यह रेखा पट्टा भूमियों से होकर दक्षिण पूर्वी में और कोमाडी, रेवालापलेम ग्रामों की खाली भूमियों से होकर जाती है जिसमें पुलिस प्रशिक्षण केद्र और बाबा प्रौद्योगिक एवं विज्ञान संस्थान शामिल है तथा यह उत्तर 17.79258⁰ पू 83.35585⁰ निर्देशांको से हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं प्राईवेट लेआइट्स से होकर गुजरती है: घ से ङ स्टेशन की कुल दूरी **5.121** किलोमीटर है । पारिस्थितिक संवेदी जोन की परिधि की लंबाई 100-286 मीटर है संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर प्रस्तावित दूरी **100** मीटर है।

ङ से च: रेखा एनएच-5 के दक्षिण की ओर से उत्तर दिशा की ओर गुजरती है और सीथाकोंडा आरक्षित वन की सीमा से होकर गुजरती है जिसमें इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान, विशाखापटनम शामिल है, और उ. 17.75352⁰पू. 83.35258⁰ के

निर्देशांकों से स्टेशन 'च' में इंडाडा ग्राम के परिसर से होकर गुजरती है । पारिस्थितिक संवेदी जोन की परिधि की सीमा लंबाई 100-1360 मीटर है । रिजर्व वन के क्षेत्र को छोड़कर संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर की प्रस्तावित दूरी 100 मीटर है ।

च से छ: यह रेखा सीथाकोंडा आरएफ रविन्द्र नगर, आरीलोवा कॉलोनियों के दक्षिण में पश्चिमी दिशा की ओर जाती है और उ. 17.76622⁰ पू.83.30101⁰ के निर्देशांको से मुडासरलोवा रिजर्वायर में स्टेशन 'छ' पर पहुंचती है। स्टेशन च से छ की कुल दूरी कि.मी 6697 है। इस पारिस्थितिक संवेदी जोन की परिधि की सीमा लंबाई 127-1280 मीटर है। संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर प्रस्तावित दूरी 300 मीटर है ।

छ से ज: यह रेखा, पाईन एप्पल कॉलोनी और दारापलेय के पीछे पश्चिमी दिशा की ओर जाती है और बीआरटीएस को कवर करते हुए पाटा अडाविवरम जंक्शन को छूती है तथा उ.17.77881⁰ पू. 83.25546⁰ के निर्देशांकों से स्टेशन ज को छूती है। ज से झ स्टेशन की कुल दूरी 3.375 कि.मी. है। इस पारिस्थितिक-संवेदी जोन की परिधि की सीमा लंबाई 240-418 मीटर है। संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर प्रस्तावित दूरी 300 मीटर है ।

ज से झ: रेखा, येराकोंडा आरएफ सीमा को छूते हुए उत्तरी दिशा की ओर जाती है। और पश्चिम सीमा कंबलाकोंडा एक्सटेंशन आरएफ सीमा से गुजरते है जिसमें दब्बांद, मन्नेपलेम, गोल्लालापलेम, मालापल्ली, अप्पीकोंडापलेम ग्राम शामिल हैँ और उ. 17.84462⁰ पू.83.27127⁰ के निर्देशांको पर स्टेशन –I को छूती है जो कांबलकोंडा एक्सटेशन, आरएफ का स्टेशन सं. 2 है स्टेशन ज से की कुल दूरी 8.513 किलोमीटर है। इस पारिस्थितिक संवेदी जोन की परिधि की सीमा की लम्बाई – 1782386 मीटर है । रिजर्व वन के क्षेत्र को छोडकर संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर की औसत मध्य दूरी 200 मीटर है ।

झ से ञ: यह रेखा, ममिडिलोवा ग्राम को पीछे छोड़ते हुए स्टेशन सं. 7 तक कांबलकोंडा एक्सटेंशन आरएफ सीमा के साथ-साथ पूर्वी दिशा की ओर जाती है और उ.17.85074⁰ पू.83.30030⁰ के निर्देशांकों पर डिब्बामीडिपलेम ग्राम के ओवर हेड टैंक पर स्टेशन ञ को छूती है। झ से ञ स्टेशन तक की कुल दूरी-3.190 मीटर है। इस पारिस्थितिक-संवेदी जोन की परिधि की सीमा लंबाई 604-2003 मीटर है। रिजर्व वन के क्षेत्र को छोड़कर संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर की प्रस्तावित दूरी 300 मीटर है ।

ट से क: यह रेखा, फूटहिल्स के साथ-साथ के कांबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य सीमा के लगभग समानांतर उत्तरी दिशा में जाती है और उ. 17.87953⁰ पू. 83.31665⁰ के निर्देशांकों पर स्टेशन क पर पहुंचती है । ट से क स्टेशन तक की कुल दूरी 3.80 किलोमीटर है । इस पारस्थितिक-संवेदी जोन की परिधि की सीमा लंबाई 216-578 मीटर है । संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर प्रस्तावित दूरी 300 मीटर है ।

उपाबंध-II


पारस्थितिक-संवेदी जोन में कांबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य के भीतर आने वाले गांवों की सूची

1. आनंदपुरम मंडल:-बोयापलेम, पारादेसिपलेम, दब्बांडा, गोल्लालापलेम, गंडरेडिपलेम, मालापल्ली, अप्पीकोंडापलेम, मन्नेपलेम और डिब्बामीडिपलेम।
2. चिनागचिली मंडल:-लटचकोडुपलेम, येनडाडा, आरीलोवा, डारापलेम और अडिविवारम।

IndiaCode

उपाबंध-III

अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र



उपाबंध III

कांबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य (अक्षांश-देशांतर) के प्रमुख स्थानों के जीपीएस निर्देशांक

क्र.सं.	अक्षांश	देशांतर
1	17.88060	83.31984
2	17.85744	83.36535
3	17.83585	83.32507
4	17.78551	83.35677
5	17.76376	83.34200
6	17.77050	83.29449
7	17.79918	83.25824
8	17.80969	83.29415
9	17.81966	83.29074
10	17.85210	83.30638

पारिस्थितिक संवेदी जोन में (अक्षांश -देशांतर) कांबलकोंडा वन्यजीव अभयारण्य के प्रमुख स्थानों के जीपीएस निर्देशांक

क्र.सं.	नाम	अक्षांश	देशांतर
1	ए	17.87692	83.31600
2	बी	17.87368	83.36599
3	सी	17.85700	83.36642
4	डी	17.83320	83.32771
5	ई	17.79258	83.35585
6	एफ	17.75352	83.35258
7	जी	17.76622	83.30101
8	एच	17.77881	83.25546
9	आई	17.84462	83.27127
10	जे	17.85074	83.30030

उपाबंध IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि :
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 28th April, 2017

S.O. 1366(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 62 (E), dated the 7th January 2016, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, no objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the Kambalakonda Wildlife Sanctuary is situated in the heart of Visakhapatnam Mega City in Andhra Pradesh and is spread **o**ver an area of 71.39 square kilometres between 83.04' to 83.20' Longitudes and 17.34' to 17.47' Latitudes;

AND WHEREAS, the Kambalakonda Wildlife Sanctuary maintains very rich bio-diversity comprising 73 tree species, 39 species of herbs and shrubs, and 18 species of climbers, 2 species of Bamboos and 7 species of grasses, 23 mammal species, 7 species of reptiles and more than 90 species of birds have been documented from the said Wildlife Sanctuary;

AND WHEREAS, the Kambalakonda Wildlife Sanctuary harbours large variety of flora and is characterised by a scrub jungle the major tree species of the area are *Ficus banghlensis* (Banyan) (Marri), *Acacia lucophloea* (White Bark Acacia) (Tella tumma), *Acacia chundra* (Cutch Tree) (Sundra), *Sapindus emarginatas* (Soapnut Tree) (Kunkudu), *and Wrightia tinctoria* (Pala indigo) (Reppala) etc;

AND WHEREAS, the area harbours a rich faunal diversity which includes, Leopard (*Panthera pardus)* (Chiruta Puli), Sloth Bear *(Melurus ursinus*), Wild Boar (*Sus scrofa*) (Elugu), Sambar (*Rusa unicolor*) (Kanithi), Barking Deer (*Muntiacus muntjak*) (Morige duppi), Mouse Deer (*Tragulus meminna*) (Kumidi duppi), Spotted Deer (*Axis axis*) (Duppi), Jackal (*Canis aureus*),(Nakka) and Wild Dog (*Cuon alpines*) (Rechu Kukka), etc;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area the extent and boundaries of which is specified in paragraph 1 of this notification around the boundary of the protected area of the Kambalakonda Wildlife Sanctuary, Visakhapatnam as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries or and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone.

NOW THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent of zero on Northern Side (due to National Highway passing on Northern side) kilometres upto 4.33 kilometres from the boundary of the Kambalakonda Wildlife Sanctuary in the State of Andhra Pradesh, as the **Kambalakonda Wildlife Sanctuary Eco-sensitive Zone** (hereinafter referred to as the Eco-sensitive Zone) details of which are as under, namely:-

